भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN TIMES PATNA 27 NOVEMBER 2025

{ JHARKHAND }

# AAI does pre-feasibility study for Sahibganj airport

**Press Trust of India**
letters@hindustantimes.com

**SAHIBGANJ:** A six-member team from the Airports Authority of India (AAI) on Wednesday conducted a pre-feasibility study for a proposed domestic airport and cargo hub in Jharkhand's Sahibganj district, officials said.

Additional Collector Gautam Bhagat, who accompanied the AAI team, said that the Jharkhand government had, almost a year back, submitted a proposal to the AAI for a domestic airport and cargo hub at Hajipur Diara and adjacent Bhitha, respectively.

"The AAI team, led by Assistant Manager (architecture) Megha Rohilla, visited both sites and conducted the pre-feasibility study of the 484.30 acres of land identified by the Sahibganj district administration for the proposed airport and cargo hub," Bhagat said.

The senior administrative official said that the AAI team has said that they would be submitting their pre-feasibility report to their seniors and the Jharkhand government within two months. "We provided the AAI team with a site tour, map and other relevant information. The team physically inspected the site and compared it with the map. They also gathered complete information about the proposed land type, details about airport area, the runway and the proposed airport distance from national highways (NH-80 and NH-33)," Bhagat added.

The team also sought information from the administrative officials about the approach roads, and topography of surrounding areas, especially hills, rivers and ponds.

THE ASSAM TRIBUNE GUWAHATI 27 NOVEMBER 2025

# Shillong airport expansion by 2027: CM

STAFF CORRESPONDENT

SHILLONG, Nov 26: Meghalaya Chief Minister Conrad Sangma today said the Shillong airport's runway expansion is expected to be completed by March, 2027.

Addressing media persons after a Cabinet meeting held at the Ward's Lake here, Sangma said the Cabinet has given its approval to purchase land from local communities at Umroi, which will be swapped with the Defence estate.

The runway will require getting land from the Defence estate, which has to be compensated by allotting land elsewhere. Sangma said that Deputy Chief Minister Sniawbhalang Dhar, who holds the Transport portfolio, has been entrusted with the task of purchasing land from the local communities and stakeholders in the area.

He said after the land is available, the runway would be extended so that larger aircraft can operate from the airport. Currently, only ATRs can take off and land from the airport.

Meanwhile, representatives of the Airport Authority of India, Union Civil Aviation Ministry, and Director General of Civil Aviation will hold a meeting with State Government officials here on Friday. Sangma stated that the approval for the tender process was likely after the meeting. It is also expected that the contractors would begin the work by the end of this year.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 28 NOVEMBER 2025

# नोएडा एयरपोर्ट से 31 दिसंबर से शुरू होंगी वाणिज्यिक उड़ानें

## सीएम योगी ने किया निरीक्षण, 4 दिसंबर तक एयरोड्रम लाइसेंस

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से 31 दिसंबर से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हो जाएंगी। सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को एनआईए, ब्यूरो ऑफ सिविल एविशन सिक्योरिटी, यमुना प्राधिकरण, नागर विमानन महानिदेशालय के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें सीएम योगी ने 31 दिसंबर की डेडलाइन दी।

अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निरीक्षण के बाद सीएम योगी ने समीक्षा बैठक में कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं



नोएडा एयरपोर्ट का निरीक्षण करते सीएम योगी व केंद्रीय मंत्री नायडू।

किया जाएगा। सबसे पहले सुरक्षा जांच के बाद एयरोड्रम लाइसेंस की प्रक्रिया की जाएगी। 4 दिसंबर तक डीजीसीए से लाइसेंस जारी हो जाएगा। 15 दिसंबर को उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय लिया जा रहा है। ब्यूरो

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 28 NOVEMBER 2025

# एयरपोर्ट के लिए सिक्योरिटी क्लीयरेंस की प्रक्रिया जल्द पूरी करें : सीएम योगी

## योगी ने किया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और विभिन्न निर्माण गतिविधियों की वास्तविक प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सिक्योरिटी क्लीयरेंस की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। परियोजना की प्रगति पर समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पाया कि एयरपोर्ट को अभी तक एयरोड्रम लाइसेंस प्राप्त नहीं हुआ है।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी और सीआईएसएफ अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सभी सुरक्षा मानकों को तत्काल पूर्ण किया जाए और शीघ्रातिशीघ्र सिक्योरिटी क्लीयरेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एयरपोर्ट प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इसलिए जहां भी सुरक्षा या अन्य कार्य शेष हैं, उन्हें तेज गति और सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्घाटन समारोह की तैयारियों को पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के विकास और वैश्विक निवेश की नई पहचान बनने जा रहा है। ब्यूरो

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 28 NOVEMBER 2025

# चार दिसंबर तक जारी हो जाएगा एयरोड्रम लाइसेंस

## सीएम योगी ने नोएडा एयरपोर्ट का किया निरीक्षण, मंत्री राम मोहन नायडू भी रहे मौजूद

**यमुना सिटी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राम मोहन नायडू ने बृहस्पतिवार दोपहर नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने एनआईए, ब्यूरो ऑफ सिविल एविशन सिक्योरिटी (बकास), यमुना प्राधिकरण, नागर विमानन महानिदेशालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में 2 दिसंबर बकास की एनओसी रिपोर्ट पेश होने, 4 दिसंबर को डीजीसीए से लाइसेंस जारी होने, 15 दिसंबर तक प्रधानमंत्री का समय लेकर उद्घाटन कराने और 31 दिसंबर तक कॉमर्शियल फ्लाइट शुरू करने की बात तय की गई। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर दोपहर करीब 1:30 बजे नोएडा हवाईअड्डे पर उतरा। उनके साथ केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने अधिकारियों के साथ हवाई पट्टी और यात्री टर्मिनल पर कार्य का जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री और नागर उड्डयन मंत्री ने नागर विमानन महानिदेशालय के डीजी फैज अहमद किदवई, यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह, बकास के मुख्य सुरक्षा अधिकारी और एनआईए के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक मुख्य रूप से तीन बिंदुओं रखे गए। इनमें सुरक्षा जांच के बाद एयरोड्रम लाइसेंस, हवाई अड्डे का उद्घाटन और हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन पर फोकस किया गया। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने हवाई अड्डे के संबंध में अपनी रिपोर्ट पेश की। दोपहर करीब 2:42 बजे एयरपोर्ट से नोएडा स्थित एक निजी अस्पताल का उद्घाटन करने के लिए हेलीकॉप्टर से निकल गए। इस दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम, यमुना प्राधिकरण के ओएसडी और एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने 31 दिसंबर तक कॉमर्शियल फ्लाइटों का संचालन करने की अधिकारियों को डेडलाइन दी।


जेवर स्थित अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

DAINIK JAGRAN DELHI 28 NOVEMBER 2025

# चार दिसंबर तक एयरोड्रोम लाइसेंस, दस तक होगा नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन

## यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ बोले, सुरक्षा संबंधी आपत्तियां दो दिसंबर तक करें दूर

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडाः नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन की घड़ी नजदीक आ चुकी है। एयरपोर्ट का निर्माण कार्य लगभग पूरा है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नोएडा एयरपोर्ट पर बैठक कर अधूरे कार्यों व सुरक्षा मानकों को दो दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। महानिदेशालय के अधिकारियों ने भी दो दिसंबर तक कार्य पूरे होने की दशा में चार दिसंबर तक एयरोड्रोम लाइसेंस जारी करने का भरोसा दिया। एयरपोर्ट के उद्घाटन तिथि को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें 10 दिसंबर तक एयरपोर्ट का उद्घाटन संभावित है, हालांकि उद्घाटन तिथि का अंतिम फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय से होगा।



नोएडा में एयरपोर्ट का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन जल्द से जल्द कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद कमान संभाल ली है। अक्टूबर में मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट का निरीक्षण कर जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए थे। नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो की स्टैंडिंग कमेटी ने सोमवार और मंगलवार को एयरपोर्ट की सघन सुरक्षा जांच की। महानिदेशालय नागर विमानन ने भी निरीक्षण पूरा कर लिया। सुरक्षा मानकों को लेकर कुछ कमियों पर बीसीएएस व केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने आपत्ति लगाई। मुख्यमंत्री व केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की गुरुवार को हुई बैठक में सुरक्षा मानकों को दो दिसंबर से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए। डीजीसीए महानिदेशक ने कहा कि दो दिसंबर तक बीसीएएस की रिपोर्ट मिल जाती है तो चार दिसंबर तक एयरोड्रोम लाइसेंस जारी हो सकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से साफ कहा कि नोएडा एयरपोर्ट के संचालन लिए सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर लें, ताकि एयरपोर्ट का लाभ प्रदेश व एनसीआर के लोगों को जल्द मिले। कार्गो सेवा शुरू होने से कारोबारियों और व्यापारियों को अपना माल देश-दुनिया के बाजार तक जल्द पहुंचाने की सुविधा मिले। उन्होंने घरेलू टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था व निर्माण गतिविधि की प्रगति की बारीकी से जानकारी ली। अधिकारियों ने उद्घाटन कार्यक्रम की कार्ययोजना व तैयारी का मुख्यमंत्री के सम्मुख प्रस्तुतिकरण दिया।

बैठक में एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने को लेकर भी चर्चा हुई। एयरोड्रोम लाइसेंस मिलने से 45 दिनों में विमान सेवा शुरू होती है। नोएडा एयरपोर्ट पर उद्घाटन के बाद 10 से 15 दिनों में घरेलू यात्री व कार्गो विमान सेवा शुरू हो सकती है। शुरुआत में नोएडा एयरपोर्ट से अहमदाबाद, मुंबई, हैदराबाद, बैंगलूरू, लखनऊ, चेन्नई, वाराणसी, जयपुर आदि शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होगी। एयरलाइंस कंपनियों ने भी इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।

**एयरोड्रोम लाइसेंस की सभी बाधाएं दूरः** नोएडा एयरपोर्ट को एयरोड्रोम लाइसेंस देने की सभी बाधाएं दूर हो चुकी हैं। नेविगेशन, कम्यूनिकेशन उपकरणों की जांच के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट की कैलिब्रेशन फ्लाइट ने 30 अक्टूबर को नोएडा एयरपोर्ट पर सफल लैंडिंग व टेकआफ की थी। सभी उपकरणों को मानकों पर सटीक पाया गया था। केवल सुरक्षा मानकों का अंतिम परीक्षण शेष था। इसे भी सोमवार व मंगलवार को पूरा किया गया। शेष जांच दो दिसंबर तक पूरी हो जाएगी। एयरपोर्ट से विमान सेवा संचालन को जरूरी सभी मानक पूरे होने पर डीजीसीए से चार दिसंबर तक एयरोड्रोम लाइसेंस मिल जाएगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
**Corporate Communications Directorate**

RS DAINIK JAGRAN DELHI 28 NOVEMBER 2025

# 10 दिसंबर तक नोएडा एयरपोर्ट का हो सकता है उद्घाटन

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन की घड़ी पास आ चुकी है। एयरपोर्ट का निर्माण कार्य लगभग पूरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नोएडा एयरपोर्ट पर बैठक कर अधूरे कार्यों व सुरक्षा मानकों को दो दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। महानिदेशालय के अधिकारियों ने भी दो दिसंबर तक कार्य पूरे होने की दशा में चार दिसंबर तक एयरोड्रम लाइसेंस जारी करने का भरोसा दिया। एयरपोर्ट के उद्घाटन तिथि को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें 10 दिसंबर तक एयरपोर्ट का उद्घाटन संभावित है। हालांकि उद्घाटन तिथि का अंतिम फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय से होगा।

नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन जल्द से जल्द कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद कमान संभाल ली है। नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो की स्टैंडिंग कमेटी ने सोमवार और मंगलवार को एयरपोर्ट की सघन सुरक्षा जांच की। महानिदेशालय नागर विमानन ने भी अपना निरीक्षण पूरा कर लिया, पर सुरक्षा मानकों को लेकर कुछ कमियों पर बीसीएएस व केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने आपत्ति लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की गुरुवार को बैठक में सुरक्षा मानकों को दो दिसंबर से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद डीजीसीए के महानिदेशक ने कहा कि अगर दो दिसंबर तक बीसीएएस की रिपोर्ट मिल जाती है तो चार दिसंबर तक एयरोड्रोम लाइसेंस जारी हो सकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से साफ कहा कि नोएडा एयरपोर्ट के संचालन लिए सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर लें, ताकि एयरपोर्ट का लाभ प्रदेश व एनसीआर के लोगों को जल्द मिले। कार्गो सेवा शुरू होने से कारोबारियों, व्यापारियों को अपना माल देश-दुनिया के बाजार तक जल्द पहुंचाने की सुविधा मिले। अधिकारियों ने उद्घाटन कार्यक्रम की कार्ययोजना व तैयारी का मुख्यमंत्री के सम्मुख प्रस्तुतीकरण दिया।

बैठक में एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू करने को लेकर भी चर्चा हुई। एयरोड्रोम लाइसेंस मिलने से 45 दिनों में विमान सेवा शुरू होती है। नोएडा एयरपोर्ट पर उद्घाटन के बाद 10 से 15 दिनों में घरेलू यात्री व कार्गो विमान सेवा शुरू हो सकती है। शुरुआत में नोएडा एयरपोर्ट से अहमदाबाद, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलूरू, लखनऊ, चेन्नई, वाराणसी, जयपुर आदि शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होगी। एयरलाइंस कंपनियों ने भी इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है।




एयरपोर्ट का निरीक्षण करते योगी आदित्यनाथ और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू।

## एयरोड्रम लाइसेंस की सभी बाधाएं दूर

नोएडा एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस की सभी बाधाएं दूर हो चुकी हैं। नेविगेशन, कम्यूनिकेशन उपकरणों की जांच के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एयरक्राफ्ट की कैलिब्रेशन फ्लाइट ने 30 अक्टूबर को नोएडा एयरपोर्ट पर सफल लैंडिंग व टेकआफ की थी। इस दौरान सभी उपकरणों को मानकों पर सटीक पाया गया था। केवल सुरक्षा मानकों को अंतिम परीक्षण शेष था। इसे भी सोमवार व मंगलवार को पूरा किया गया। शेष जांच दो दिसंबर तक पूरी हो जाएगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

DAINIK NAVJYOTI JAIPUR 27 NOVEMBER 2025

# जयपुर एयरपोर्ट पर रनवे विमानन सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आयोजित

**नवज्योति, जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से विमानन सुरक्षा जागरूकता सप्ताह-2025 के तहत रनवे पर फॉरेन ऑब्जेक्ट डेब्रिस (एफओडी) वॉक का आयोजन किया गया। एयरपोर्ट से जुड़े स्टेकहोल्डर्स-एयरपोर्ट ऑपरेशन टीम, सुरक्षा एजेंसियां, एयरलाइंस स्टाफ और ग्राउंड हैंडलिंग कर्मियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य रनवे और हवाई क्षेत्र में मौजूद किसी भी बाहरी, अनचाही या जोखिम पैदा करने वाली वस्तुओं की पहचान कर उन्हें हटाना है, जिससे संचालन निर्बाध और सुरक्षित बना रहे। इस वॉक के बाद हवाई अड्डे पर एक विशेष जागरूकता



सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को रनवे सुरक्षा, एफओडी प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों और टीमवर्क के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

THE ECONOMIC TIMES DELHI 28 NOVEMBER 2025

# GMR Avails ₹750 cr Loan for Cargo City at Delhi Airport

**New Delhi:** GMR Airports' subsidiary GCLL has availed a term loan facility worth up to ₹750 crore from Axis Bank for developing the cargo city at the Delhi airport.

The cargo city project, coming up over a total of 50.5 acres of land within the national capital's Indira Gandhi International Airport, is being developed by GMR Cargo and Logistics Ltd. The airport is operated by the Delhi International Airport Ltd, a subsidiary of GMR Airports.

GCLL has availed the rupee term loan facility worth up to Rs 750 crore from Axis Bank to enable it to meet a part of the estimated project cost towards developing the cargo city, according to a regulatory filing.

To secure the loan facility, GMR Airports has provided a Sponsor Support Undertaking (SSU) along with the creation of a pledge or the provision of Non-Disposal Undertaking (NDU) or a mix of pledge and NDU on 51 per cent of its shares of GCLL in favour of Axis Bank, the filing said.

"The SSU shall remain valid throughout the construction period of Phase 1 plus 1 year of operations of the project, unless otherwise agreed between the company and Axis Bank," filing to BSE late on Wednesday said.—**PTI**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 28 NOVEMBER 2025

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया

# नोएडा एयरपोर्ट के सभी कार्य पांच दिसंबर तक पूरे करें: योगी

**प्रोजेक्ट अपडेट**



नोएडा एयरपोर्ट का गुरुवार को निरीक्षण करते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और केंद्रीय मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू। • हिन्दुस्तान

**नोएडा, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने गुरुवार को जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर बचे सभी कार्य और लाइसेंस प्रक्रिया पांच दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने एयरपोर्ट के निर्माण में जुटे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) के अधिकारियों को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बकास) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा संबंधित आपत्तियों को दो दिसंबर तक निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

बकास और सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि दो दिन पूर्व हुई जांच के दौरान सुरक्षा इंतजामों में कुछ खामी मिली हैं। इन्हें दूर करने और पुनः जांच के बाद दो दिसंबर तक रिपोर्ट डीजीसीए को सौंप दी जाएगी। डीजीसीए के अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की रिपोर्ट मिलने पर चार दिसंबर तक एयरोड्रोम लाइसेंस जारी करने पर सहमति दी। एयरपोर्ट के उद्घाटन की संभावित तारीखों पर भी चर्चा हुई। सात दिसंबर या दिसंबर के दूसरे सप्ताह में उद्घाटन करने की संभावना जताई गई।

Hindustan Times

# Hindon and the case for efficient, low-cost airports



Anjuli Bhargava

A latecomer on India's aviation map, the Indian Air Force (IAF) owned-and-operated Hindon airport in Ghaziabad saw its first commercial flight in October 2019 — after much debate and discussion between the ministry of civil aviation (MoCA), IAF, and Delhi International Airport Limited (DIAL). Initially, the idea was to promote regional connectivity and give a fillip to the UDAN scheme. While a few airlines started operating flights from Hindon, the pandemic caused curtains to fall after a short appearance on the aviation stage.

It was only in March 2025 that commercial operations were revived, when the low-fare airline of the Tatas, Air India Express (AIX), unable to secure time slots at the DIAL airport, began operating flights from Hindon. Now, the airline operates over 50 flights a week, to five destinations, from the airport. Soon after, Star Air (20 departures a week, to four destinations), and IndiGo (52 departures a week, to six destinations) also began operating flights from the facility, transforming the sleepy airport into a mini aviation hub in the national capital region.

The good news is that its popularity seems to be on the rise. Even though the airport is a far cry from the fancy private airports India's fliers have got accustomed to, people are beginning to appreciate its advantages.

A frequent Delhi-to-Cochin flier recently wrote saying that she opted for Hindon when the tickets for her family on their preferred date of travel worked out to be cheaper overall than flying from the DIAL airport. The price differential was big enough for her to pick the one-stop option Hindon presented. She added that many budget-conscious yet regular travellers she knows personally are using Hindon to reach Chennai. A Gurgaon-based businessman told this writer that he regularly uses Hindon to meet clients in Jalandhar (flying to the Adampur airport) and finds the airport "adequate" for his needs. Another reader messaged to say that, barring the longish bus drive from the parking bay to the terminal, the airport is far easier and quicker to enter and exit (short walks, easy access to cabs) than DIAL and works better for him locationally as he lives close to East Delhi. He saves time, if not money. For budget-conscious fliers (a growing segment) living in and around East Delhi and even Noida, Hindon is a lifeline, with its geographical advantage. Even travel portals are now recommending the airport to fliers.

Airlines, too, say that operating out of Hindon is cheaper in several ways. Since it is a no-frills, no-fuss facility, there is no user development fee.

Tax on fuel is 1% compared to Delhi's 25%, making it a haven for refuelling. Landing and navigation charges are far lower than DIAL, and what the Noida International Airport Limited (NIAL) will likely offer once it is functional. Back-of-the-envelope estimates from industry sources suggest that the airport is at least 15% cheaper to operate from than DIAL.


Keeping all of this in mind, here are some suggestions to the authorities that can make flying from Hindon a preferred option for many. While it might make India proud to showcase the fancy, over-the-top structures that Indian airports have evolved into after privatisation, the costs of operating from these have also been soaring, and many are beginning to feel the pinch.

In a country with varied income segments, there is a large mass of travellers who can afford air travel but not a cup of tea (tea bag, at that) for ₹300 — which is available for ₹10 the moment you step out of the airport terminal. We need to look at setting up low-cost, no-frills airports in the metros, to begin with, and later, across other big towns.

Why don't we start with sprucing up the Hindon airport (avoiding private players' tendency to turn airports into grand shopping malls), expand capacity while making it more functional, keep charges low and operate like Gatwick in London, which usually offers lower fares than its bigger rival, Heathrow (transport costs to Central London can be higher, though).

Let's up the game without making it a gold-plating exercise, add some conveniences (a few more food and seating options), remove hurdles travellers face, and address their complaints. Dirty toilets top the list (which has become something of an Airports Authority of India signature), but poor customer service in terms of information on delays and cancellations is a major issue too. Pilots say that IAF traffic often leads to excessive delays and hold-time in the air; so, better coordination with the IAF would be essential. This translates into close to 30-minute delays in almost all departures and, often, landings as well. There are airside issues that need resolving, including the lack of parking bays and the widening of taxiways, among others.

None of the above, however, is anything more than a small, niggling issue that can be easily tackled through sensible planning and organisation. It might be worthwhile for the authorities to welcome this new kid on the block and get it to thrive.




**For budget-conscious fliers living in and around East Delhi and even Noida, Hindon is a lifeline.** HT ARCHIVE

*Anjuli Bhargava writes about governance, infrastructure, and the social sector. The views expressed are personal*

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE HINDUSTAN TIMES DELHI 28 NOVEMBER 2025

# NOIDA AIRPORT MAY BEGIN OPS BEFORE DEC 15

**GREATER NOIDA:** Uttar Pradesh chief minister Yogi Adityanath on Thursday conducted an on-site inspection of the under-construction Noida International Airport in Jewar and directed all agencies to expedite remaining work so that operations can begin before December 15, 2025. Officials from Noida International Airport Ltd (NIAL) said the project is now in its final phase, with only a few compliance steps separating it from full approval. **HTC**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE INDIAN EXPRESS DELHI 28 NOVEMBER 2025



Union Minister Ram Mohan Naidu and Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath at Noida International Airport on Thursday. PTI

INAUGURATION LIKELY NEXT MONTH

## Adityanath reviews progress of Noida International Airport

UTTAR PRADESH Chief Minister Yogi Adityanath on Thursday inspected the upcoming Noida International Airport in Jewar, reviewing the progress of construction and preparations ahead of its proposed inauguration next month, said officials. Following the inspection, Adityanath chaired a high-level meeting along with Union Minister for Civil Aviation, Kinjarapu Ram Mohan Naidu, and directed officials to accelerate pending work. "Coordination with BCAS and CISF must be strengthened to ensure all safety norms are met promptly. This is one of the state's most ambitious infrastructure projects. Any remaining work, particularly concerning security must be completed with speed and the highest standards of quality," said CM. ENS

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

MILLENNIUM POST DELHI 28 NOVEMBER 2025

# Noida Airport preps reviewed by UP CM

DIPIKA KIROLA

**NOIDA:** Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath and Union Civil Aviation Minister Kinjarapu Ram Mohan Naidu on Thursday conducted an extensive inspection of the upcoming Noida International Airport, reviewing progress ahead of its proposed inauguration later this month. The high-level visit comes as the state gears up to commence commercial flight operations by December 31.

The Chief Minister's helicopter touched down at the airport at around 1:30 pm, where he, along with the Union Minister, examined ongoing work at the runway, passenger terminal and key airport facilities. Following the inspection, a review meeting was held with senior officials of the DGCA, BCAS, NIA and Yamuna Authority.

Officials informed the



ministers that the BCAS No Objection Certificate would be submitted by December 2, while the DGCA is expected to issue the aerodrome licence by December 4.

CM Yogi Adityanath reviewed Noida International Airport construction, directing officials to prioritise passenger safety and complete security and licensing for year-end operations.

He also visited Medanta Hospital, inaugurating the new facility and addressing officials and guests at the formal ceremony in Sector 50.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

PIONEER DELHI 28 NOVEMBER 2025

# जेवर एयरपोर्ट का सीएम योगी ने किया स्थलीय निरीक्षण

## मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के संग की बैठक





**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गौतम बुद्ध नगर के जेवर में निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टर्मिनल, सुरक्षा प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था, उद्घाटन स्थल और चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट बोर्डरूम में केंद्रीय और राज्य विमानन विभाग, डीजीसीए, बीसीएएस, सीआईएसएफ, एयरपोर्ट अथॉरिटी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, जिला प्रशासन और निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की।

- सीएम योगी ने टर्मिनल, सुरक्षा प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था, उद्घाटन स्थल और चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया

बैठक में अधिकारियों ने परियोजना की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। समीक्षा के दौरान सीएम योगी ने निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा मानकों को तत्काल पूरा किया जाए और बीसीएएस तथा सीआईएसएफ के साथ समन्वय बनाकर जल्द सुरक्षा क्लीयरेंस प्राप्त की जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की महत्वाकांक्षी परियोजना है, इसलिए सभी कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के विकास और वैश्विक निवेश की नई पहचान बनने जा रहा है। उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ कार्यशील होगा, जिसकी वार्षिक यात्री क्षमता करीब 1.2 करोड़ होगी। पूर्ण विस्तार पर यहां कुल 5 रनवे होंगे, 11,750 एकड़ में फैला यह एयरपोर्ट 30 करोड़ यात्रियों की क्षमता के साथ दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल होगा। इस निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण मंत्री बृजेश सिंह, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेधा रूपम सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

PIONEER DELHI 28 NOVEMBER 2025

## एयरपोर्ट में नौकरी के लिए साक्षात्कार होगा

**नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले परिवार के बच्चों को एयरपोर्ट पर नौकरी मिलेगी। इसके लिए दो दिसंबर को साक्षात्कार होगा। आवेदन करने वाले युवाओं को आमंत्रण पत्र मिलने शुरू हो गए हैं। एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान एकमुश्त पांच लाख के मुआवजे के बजाए रोजगार का विकल्प चुनने वाले परिवारों के लिए खुशखबरी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) ने ऐसे परिवार के युवाओं को साक्षात्कार के लिए आमंत्रण पत्र भेजना शुरू कर दिया है। नियाल द्वारा भेजे गए आधिकारिक ई-मेल में स्पष्ट लिखा गया है कि साक्षात्कार के माध्यम से कन्सेशनायर पार्टनर्स उपयुक्त निजी नौकरियों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। साक्षात्कार दो दिसंबर को जेवर एयरपोर्ट के साइट ऑफिस पर होगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

RAJASTHAN PATRIKA | DELHI | 28 NOVEMBER 2025

**केदारनाथ दुर्घटना अंतरिम जांच:** जयपुर के पायलट राजवीर सहित सात की गई थी जान

## हेलिकॉप्टर में नहीं थी असामान्यता, बादलों में कुछ नहीं दिखा

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** केदारनाथ में गत 15 जून को हुए दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलिकॉप्टर में कोई असामान्यता नहीं थी और पायलट ने आखिरी संदेश में यही कहा कि उसे कुछ दिखाई नहीं दे रहा, वह मुड़ रहा है। उसके बाद पायलट से कोई संदेश नहीं मिला। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) ने अपनी अंतरिम जांच में यह जानकारी दी थी।

उत्तराखंड में केदारनाथ से गुप्तकाशी जाते समय गौरीकुंड के पास हुई इस दुर्घटना में हेलिकॉप्टर में पायलट राजवीर सिंह सहित सभी सात यात्रियों की मौत हुई थी। राजवीर जयपुर के निवासी थे।एएआइबी ने अंतरिम रिपोर्ट में कहा है कि आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के बेल 407 हेलिकॉप्टर (वीटी-बीकेए) के पीछे दो और हेलिकॉप्टर थे जो आसानी से घाटी से बाहर निकल गए थे। जांच रिपोर्ट के अनुसार आर्यन एविएशन की संचालन टीम ने गुप्तकाशी से उड़ान भरने के बाद राजवीर ने पीछे चल रहे हेलिकॉप्टर वीटी-टीबीसी के पायलट से बातचीत की थी कि उसे घाटी के निकास बिंदु पर बादल दिखाई दे रहे हैं। बाद में उन्होंने कहा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है, मैं मुड़ रहा हूं। इससे आगे उन्होंने कोई संकट कॉल नहीं किया। वीटी-टीबीसी का पायलट राजवीर के हेलिकॉप्टर को देखने को भी गया लेकिन वह नहीं मिला और बाद में दुर्घटना की खबर आई।

**सही ऊंचाई पर उड़ रहा था हेलिकॉप्टर:** दुर्घटना के समय घाटी के प्रवेश/निकास बिंदु के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का विश्लेषण करने पर पता चला कि घाटी का निकास बिंदु बादलों से ढका हुआ था और घाटी में नीचे की ओर बढ़ रहा था।

प्रक्रियाओं के अनुसार, हेलिकॉप्टरों को केदारनाथ घाटी से निकास बिंदु पर से निकलते समय 9000 फीट की ऊंचाई बनाए रखनी होती है। दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलिकॉप्टर निकास बिंदु के पास 9000 फीट की ऊंचाई बनाए हुए था।



पायलट राजवीर सिंह

### आगे जांच जारी

**एएआइबी** की टीम अमरीका कनाडा के नियामकों और तकनीकी सलाहकारों के मान्यता प्राप्त प्रतिनिधियों के साथ मिलकर, दुर्घटना के मूल कारण का पता लगाने के लिए आगे जांच कर रही है। अमरीकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) और कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड (टीएसबी) ने जांच के लिए अपने मान्यता प्राप्त प्रतिनिधियों और तकनीकी सलाहकारों को नियुक्त किया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

SWATANTRA BHARAT LUCKNOW 27 NOVEMBER 2025

# देश के 15 एयरपोर्ट होंगे हाईटेक एंटी-ड्रोन सिस्टम से लैस

**नई दिल्ली।** देश के सभी बड़े कमर्शियल एयरपोर्ट जल्द ही एंटी-ड्रोन सिस्टम से सुरक्षित किए जाएंगे।

## हवाई यात्रा अब और सुरक्षित

पहले चरण में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता सहित करीब 15 प्रमुख हवाई अड्डों पर यह तकनीक सक्रिय करने की तैयारी चल रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देशों के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा दिया है। दरअसल,यह उन्नत तकनीक केवल रक्षा प्रतिष्ठानों और संवेदनशील सैन्य क्षेत्रों में ही उपयोग की जाती थी, लेकिन हाल के वर्षों में ड्रोन हमलों के बढ़ते जोखिम को देखते हुए इसे सिविल एविएशन सेक्टर में भी लागू करने का निर्णय लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि एंटी-ड्रोन सिस्टम की पहली इंस्टॉलेशन लिस्ट में दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम शामिल है। इसके बाद दूसरे चरण में अहमदाबाद, गुवाहाटी, लखनऊ और जयपुर जैसे शहरों के एयरपोर्ट्स पर भी यह सुरक्षा तकनीक लगाई जाएगी।

सरकार के पीछे हाल के वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रमों को बड़ी वजह बताया जा रहा है। मई 2025 में भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' में ड्रोन तकनीक के बड़े और प्रभावी इस्तेमाल ने सरकार को सिविल एविएशन सेक्टर में अतिरिक्त सुरक्षात्मक उपाय लागू करने पर मजबूर किया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA DELHI 28 NOVEMBER 2025

# Noida airport to be ready for inauguration by Dec 15, CM told

Noida International Airport will be ready for inauguration by Dec 15, UP CM Yogi Adityanath was informed on Thursday during a visit to Jewar, his second in three weeks to take stock of progress at the airport, which govt is keen to operationalise as soon as possible, **reports Aditya Dev.**

Officials told the CM the aerodrome licence, which is the final regulatory approval from DGCA, was likely to come by Dec 4. Before that, a final security inspection by Bureau of Civil Aviation Security is due. RK Singh, CEO of Noida International Airport Ltd, told **TOI** that BCAS had identified some gaps in CISF preparedness during a two-day inspection on Nov 24 and 25. Singh said these are expected to be taken care of by Dec 2. **P9**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA DELHI 28 NOVEMBER 2025

# Approvals awaited, Noida airport to be ready for operations by Dec 15, CM told

Aditya.Dev@timesofindia.com

**Noida**: Noida International Airport is just days away from securing its aerodrome licence and will be ready for inauguration by Dec 15, chief minister Yogi Adityanath was informed on Thursday during a visit to Jewar, his second in three weeks to take stock of progress at the airport, which govt is keen to operationalise as soon as possible.

The CM, during his inspection, was accompanied by Union civil aviation minister K Rammohan Naidu.

Officials told the CM the aerodrome licence, which is the final regulatory approval from Directorate General of Civil Aviation (DGCA), was likely to come by Dec 4. Before that, a final security inspection by Bureau of Civil Aviation Security (BCAS) is due.

RK Singh, CEO of Noida International Airport Limited, UP's special purpose vehicle that is overseeing the airport project, told TOI BCAS had identified some gaps in CISF preparedness during a two-day inspection on Nov 24 and 25. Among them are the need for additional CCTV cameras and more watchtowers along the airport's 17km boundary wall.

Singh said these are expected to be in place by Dec 2. "We are on track. Once BCAS approval comes through, DGCA will clear the aerodrome licence almost immediately," he said. The aerodrome licence will pave the way for commercial flight operations.

Prime Minister Narendra Modi is expected to inaugurate the airport. Officials said a final confirmation on the date is awaited from the PMO. At a review meeting with senior officials from DGCA, BCAS, CISF, airport concessionaire Yamuna International Airport Private Limited and NIAL, the CM was told that the PMO too had been informed that the airport could be inaugurated by Dec 15.

NIAL nodal officer Shailendra Bhatia said the CM instructed both the concessionaire and CISF to close all pending compliance points within the stipulated time. Officials said the latest BCAS inspection, covering surveillance systems, access control, perimeter security and personnel readiness, followed a high-level preparedness review on Nov 20.

Ramesh Sharma



UP CM Yogi Adityanath was accompanied by Union civil aviation minister K Rammohan Naidu during a visit to Jewar on Thursday

THE TIMES OF INDIA BANGALORE 27 NOVEMBER 2025

# KIA wins global award for biometric self-bag drop drive

**Bengaluru:** Kempegowda International Airport (KIA), operated by Bangalore International Airport Limited (BIAL), won the award for Best Innovation in Airport Passenger Related Processes at the 2025 Technology Innovation Awards, instituted by Airports Council International (ACI) World and Amadeus.

The winners were announced at ACI Airports Innovate event held from Nov 25–27 in Busan, South Korea.

BIAL won the honour for its biometric-enabled self-bag drop system, which made KIA the first in India to offer end-to-end biometric journey for passengers. Integrated with DigiYatra, the innovation eliminates the need for travellers to show physical IDs or boarding passes at any stage — from airport entry to boarding gates. TNN

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 28 NOVEMBER 2025

## Singapore Airlines renews RateGain partnership



**Mumbai:** RateGain Travel Technologies announced on Thursday that Singapore Airlines has extended its partnership with the company's AirGain pricing intelligence platform for another four years. The renewal comes after a seven-year collaboration that began in January 2018. OUR BUREAU

# Air India opts for in-house training amid global interest to use its facility

**Rohit Vaid**
New Delhi



Several Indian as well as foreign carriers have shown interest in using Air India's new training academy.

However, the airline is currently focusing on fully operationalising the facility for its internal requirements before exploring external partnerships.

Speaking to *businessline*, Air India's Chief Executive Campbell Wilson said that a number of airlines, including foreign carriers, had approached the company to use its new training facility.

However, he said the airline is concentrating on fully operationalising all components of the academy and supporting its own training requirements, given the large number of aircraft it expects to receive over the next few years.

At present, the airline continues to prepare for fleet and network expansion from 2027 onwards, when deliveries from its order of 570 aircraft are expected to pick up pace. In the medium term, he noted, the airline will certainly examine third-party opportunities. Accordingly, cheaper currency rates are a major draw for such a facility.

**TRAINING FEES**

The airline's training fees vary by programme, with the Cadet Pilot Programme costing close to approximately ₹1 crore, covering all training phases, ground school, the commercial pilot licence (CPL) and type rating.

In comparison to other similar facilities abroad, the cost at Air India's academy is cheaper.

In terms of courses, for cabin crew, the academy offers inclusive instruction on safety and emergency procedures along with service training, grooming, and voice and accent training.

Furthermore, training for ground and security staff covers departure control, customer service and airport security. The academy also hosts management programmes, including commercial, human resources and leadership training.

**PILOT TRAINING**

Recently, Air India has set up a centre for advanced pilot training in two simulator units, in collaboration with original equipment manufacturers, within the same campus as the Air India Training Academy.

The airline had recently inaugurated an advanced pilot training centre that has been set up as a 50:50 JV with Airbus. As per the airline, this facility currently has two operational simulators for A320 aircraft and will eventually have 10 Airbus simulators, including those for A350 aircraft. The facility will train over 5,000 new pilots over the next decade.

Moreover, the academy is envisioned to provide Air India professionals with immersive learning experiences with a focus on practical application.

The academy conducts training sessions every day for over 2,000 Air India group personnel across operational and customer-facing roles, including cabin crew, pilots and security staff.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR JAIPUR 27 NOVEMBER 2025

# ऐनवक्त पर उदयपुर-अहमदाबाद उड़ान रद्द, यात्री परेशान होते रहे

जयपुर | एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह इंडिगो एयरलाइंस का फ्लाइट संचालन गड़बड़ा गया। इस वजह से यात्री परेशानी होते रहे। एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार एयरक्राफ्ट की कमी के चलते इंडिगो एयरलाइन ने ऐनवक्त पर जयपुर से उदयपुर और अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट्स रद्द कर दीं। इनके अचानक रद्द होने की वजह से एयरपोर्ट पर यात्रियों ने इंडिगो एयरलाइंस के खिलाफ प्रदर्शन किया।

दरअसल इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-7465 को सुबह 6:55 बजे जयपुर से उदयपुर के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन इंडिगो एयरलाइन ने इसे एनवक्त पर रद्द कर दिया। सूत्रों की मानें तो एयरक्राफ्ट उपलब्ध नहीं होने की वजह से फ्लाइट को रद्द किया गया। इसके बाद इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-7217 जयपुर से अहमदाबाद के लिए सुबह 8:10 बजे रवाना होनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों और एयरक्राफ्ट की अन उपलब्धता की वजह से एयरलाइन ने ऐनवक्त पर इसको भी रद्द कर दिया। इसके बाद अहमदाबाद और उदयपुर जाने वाले यात्रियों ने एयरलाइन के खिलाफ प्रदर्शन कर फ्लाइट रद्द होने को इंडिगो एयरलाइंस की लापरवाही बताया। यात्रियों ने एयरलाइंस से तुरंत रिफंड देने की मांग की। इसके बाद इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों को अन्य फ्लाइट्स में एडजस्ट किया, जबकि कुछ यात्रियों को रिफंड दिया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR JAIPUR 27 NOVEMBER 2025

**सिटी एंकर** कन्वेयर बेल्ट पर सामान का इंतजार करते रहे, नहीं पहुंचा तो शिकायत की, फिर दूसरी फ्लाइट से भेजा

# इंडिगो की लापरवाही; बारात देहरादून पहुंची, दूल्हा-दुल्हन सहित 30 लोगों का सामान जयपुर ही छूट गया




जयपुर | डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए जयपुर से देहरादून पहुंची एक बारात को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब दूल्हा-दुल्हन और उनके परिजन देहरादून एयरपोर्ट पहुंचे तो लगभग 30 यात्रियों का लगेज वहां पहुंचा ही नहीं। एयरपोर्ट पर कन्वेयर बेल्ट पर आधा घंटा इंतजार करने के बाद जब बैग नहीं आए तो यात्रियों में हड़कंप मच गया। पूछताछ पर पता चला कि इन पूरा सामान जयपुर एयरपोर्ट पर ही रह गया था। यह घटना इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट 6E-7274 में हुई, जो ATR-72 श्रेणी के छोटे विमान से संचालित होती है। इस विमान में अधिकतम 78 यात्री ही यात्रा कर सकते हैं और कई बार बुकिंग फुल होने व लगेज अधिक होने पर सामान छूट जाने की स्थिति बन जाती है।

**शादी के कपड़े भी नहीं पहुंचे, रस्में अटक गईं;** यात्री मनीष खुंटेटा ने बताया कि वे दोस्त की बेटी की शादी के लिए देहरादून जा रहे थे। लगभग 30 यात्रियों का सामान नहीं मिलने से रस्मों में भी बाधा आई। बारात बुधवार सुबह 8:25 बजे जयपुर से देहरादून के लिए रवाना हुई थी। 9:35 बजे देहरादून एयरपोर्ट पहुंचने के बाद आधे घंटे तक इंतजार किया गया, लेकिन सामान नहीं आया। बाद में एयरलाइन ने बताया कि सभी बैग शाम 7 बजे देहरादून भेज दिए गए और यात्रियों को सूचना भी दे दी गई।

## एक्सपर्टः 'अतिरिक्त चार्ज' के लालच में ज्यादा लगेज ले लेते हैं

एविएशन एक्सपर्ट कुंवर विजय राज सिंह के अनुसार छोटे विमानों में एयरलाइंस में कई बार एक्सिस चार्जेज के लालच में लगेज बुक कर लेती हैं। ऐसे में पैर्मिसेबल लिमिट वाले लगेज छोड़ दिए जाते हैं। इसके लिए यात्रियों को तत्काल एयरलाइंस के खिलाफ नियामक एजेंसी डीजीसीए को शिकायत करनी चाहिए।"

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RS DAINIK JAGRAN DELHI 28 NOVEMBER 2025

# केदारनाथ में हेलीकाप्टर की उड़ान के समय सबकुछ था सामान्य

- केदारनाथ हेलीकाप्टर दुर्घटना के संबंध में एएआइबी की अंतरिम रिपोर्ट
- अमेरिका और कनाडा के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ कर रही जांच

नई दिल्ली, प्रेट्र: केदारनाथ हेलीकाप्टर दुर्घटना के संबंध में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआइबी) की शुरुआती जांच रिपोर्ट में बताया गया कि उड़ान के दौरान सबकुछ सामान्य था। 17 साल पुरानी हेलीकाप्टर के पायलट का अंतिम संदेश था कि कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है, मोड़ रहा हूं। दुर्घटना के समय घाटी का निकास बादलों से ढका हुआ था।

आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का बेल 407 हेलीकाप्टर (वीटी-बीकेए) इस वर्ष 15 जून को सुबह-सुबह श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरा था। हेलीकाप्टर गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकाप्टर में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो साल का बच्चा भी शामिल था।

एएआइबी टीम, अमेरिका और कनाडा के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ मिलकर दुर्घटना के मूल कारण का पता लगाने के लिए भविष्य की कार्रवाई पर काम कर रही है। अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) और कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड (टीएसबी) ने जांच के लिए अपने तकनीकी विशेषज्ञों को नियुक्त किया है।

एएआइबी की अंतरिम रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना के समय घाटी के प्रवेश/निकास बिंदु के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का विश्लेषण करने पर पता चला कि घाटी का निकास बिंदु बादलों से ढका हुआ था और घाटी में नीचे की ओर बढ़ रहा था। दुर्घटनाग्रस्त हेलीकाप्टर वीटी-बीकेए के पीछे मौजूद अन्य दो हेलीकाप्टर बादलों से बचते हुए कम ऊंचाई पर घाटी से बाहर निकले।

नियमानुसार, हेलीकाप्टरों को केदारनाथ घाटी के प्रवेश बिंदु में प्रवेश करते समय 8,500 फीट की ऊंचाई बनाए रखनी होती है और लौटते समय, केदारनाथ घाटी के निकास बिंदु से बाहर निकलते समय 9,000 फीट की ऊंचाई बनाए रखनी होती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 28 NOVEMBER 2025

# धुएं के संकेत पर विमान दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हमदाबाद जाने वाला एयर इंडिया का एक विमान कार्गो क्षेत्र में संदिग्ध धुआं होने के कारण गुरुवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि जांच के बाद धुआं निकलने का संकेत गलत पाया गया। दिल्ली-अहमदाबाद उड़ान संख्या एआई2939, जो एयरबस ए320 विमान से संचालित थी, में लगभग 170 लोग सवार थे। एयरलाइन ने बताया कि विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद धुएं के संकेत के कारण दिल्ली लौट आया। बाद में विमान की पूरी जांच के बाद गलत पाया गया।

THE TIMES OF INDIA DELHI 28 NOVEMBER 2025

# AI flight returns to Delhi after false alarm

**New Delhi:** An Air India Delhi-Ahmedabad flight was forced to return mid-air to IGI Airport on Thursday evening due to suspected smoke in the cargo hold area. However, the airline said the smoke indicator was found to be false. The flight, with nearly 170 passengers, departed from Delhi airport at 4:55 pm. "When the flight was mid-air, the pilot contacted air traffic control and requested a precautionary landing at Delhi airport after smoke was suspected in the cargo hold area. The flight landed safely at around 5:30 pm and all passengers disembarked safely," said an airport official.

An Air India official stated, "The crew operating flight AI2939 from Delhi to Ahmedabad on Nov 27 decided to return to Delhi shortly after take-off due to a smoke indicator, which was later found to be false after the aircraft underwent thorough precautionary checks. Following standard operating procedure, the aircraft landed in Delhi and the passengers and crew were disembarked safely."

The official added that their ground team at Delhi provided immediate assistance to the passengers and alternative arrangements were made to fly them to their destination. "Any inconvenience caused due to this unforeseen situation is sincerely regretted," said the official. TNN